प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- चतरा, कोडरमा, और हज़ारीबाग़ समेत देश के 8 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश के 49 लोकसभा सीटों के लिए सवेरे 7 बजे से मतदान शुरू, वेबकास्टिंग के जरिये बूथों की हो रही निगरानी।
- गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भी आज हो रही वोटिंग, 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में, भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा और झामुमो की कल्पना सोरेन के बीच मुख्य मुकाबला।
- राज्य में तीन सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 58 लाख 34 हजार से ज्यादा मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का इस्तेमाल, बनाए गए हैं छह हजार सात सौ पांच मतदान केन्द्र।
- झारखंड में पांचवे चरण के चुनाव में 54 प्रत्याशियों की किस्मत आज ईवीएम में होगा बंद, एक केंद्रीय मंत्री और तीन विधायकों की प्रतिष्ठा लगी है दांव पर।
- रांची और आसपास के इलाकों में आज भी तेज गरज के साथ बारिश के आसार, पलामू और संथाल में दिखेगा हीट वेव का असर, मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट।

******************

पांचवें चरण में राज्य के चतरा, कोडरमा और हजारीबाग समेत देश के 8 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश के 49 लोकसभा सीटों के लिए आज सवेरे सात बजे से वोट डाले जा रहे हैं। शाम पांच बजे तक मतदान केंद्र में उपस्थित सभी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित पहचान पत्र के आधार पर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं । इन सीटों के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और हिंसा रहित चुनाव के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि मतदान केंद्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ वहां की गतिविधियों की निगरानी वेबकास्टिंग के माध्यम से की जा रही है।

******************

गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भी आज वोट डाले जा रहे हैं। इस चुनाव में 3 लाख 16 हज़ार दो सौ 14 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 1 लाख 64 हज़ार 1 सौ 16 पुरुष तथा 1 लाख 52 हज़ार 37 महिला वोटर्स हैं। यहां ग्यारह उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन और भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा के बीच मुख्य मुकाबला है। पिछले वर्ष दिसम्बर माह के अंत में सरफराज अहमद द्वारा विधायक का पद छोड़ने के बाद से यह सीट खाली थी।

******************

राज्य के तीन लोक सभा सीटों के लिए छह हजार सात सौ पांच मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 58 लाख 34 हज़ार 6 सौ 18 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें चतरा सीट के लिए 16 लाख 89 हज़ार 9 सौ 26, कोडरमा के लिए 22 लाख 05 हज़ार 3 सौ 18 और हज़ारीबाग़ के लिए 19 लाख, 29 हज़ार 3 सौ 74 मतदाता वोट करेंगे। इनमें 29 लाख 99 हज़ार 2 सौ 33 पुरुष, 28 लाख 35 हज़ार 3 सौ 29 महिला, 92 हज़ार 4 सौ 9 दिव्यांग, 56 थर्ड जेंडर, पचासी वर्ष से अधिक उम्र के 36 हज़ार 6 सौ 79 तथा 4 सौ 81 मतदाता 100 साल से अधिक उम्र के हैं।

******************

राज्य में तीन लोकसभा सीटों के लिए आज हो रहे चुनाव में एक केंद्रीय मंत्री और तीन विधायकों समेत 54 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होगा। चतरा सीट से 22, कोडरमा से 15 और हज़ारीबाग़ से 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में चतरा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के कालीचरण सिंह और कांग्रेस के केएन त्रिपाठी, कोडरमा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की अन्नपूर्णा देवी और सीपीआई एमएल के विनोद सिंह और हज़ारीबाग़ सीट पर भाजपा के मनीष जायसवाल तथा कांग्रेस के जे पी भाई पटेल के बीच मुख्य मुकाबला है।

******************

हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए आज हो रहे मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान केंद्रों पर सवेरे सात बजे से ही मतदाताओं के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। हमारे हजारीबाग संवाददाता ने बताया कि नए मतदाताओं के साथ हर श्रेणी के मतदाता बूथों पर पहुंचकर वोट कर रहे हैं। खास बात है कि मतदान करने के बाद वे दूसरे मतदाताओं को भी वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

******************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जनजातीय समाज के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतिबद्ध हैं।। प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की है। वे कल रांची में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश अब बदलाव चाह रहा है और अब तक हुआ चुनाव यही इशारा कर रहा है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने रांची में प्रदेश कार्यकर्ताओं से कहा कि वे केंद्र सरकार की असफलताओं की जानकारी जन–जन तक पहुंचाएं।

******************

निर्वाचन आयोग के द्वारा ईवीएम मशीन के परिवहन में लगे सभी वाहनों को जीपीएस से जोड़ा गया है, ताकि ईवीएम को ट्रैक किया जा सकें। हजारीबाग की उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने बताया कि इसके जरिये सभी ईवीएम पर नजर रखी जाएगी। वाहन जिन जिन रास्तों से गुजर रहा है, उसकी ट्रैकिंग की जा रही है।

******************

रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई और स्वीप कोषांग की ओर से रांची एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । इस दौरान 25 मई को रांची लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया ।

******************

जामताड़ा जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्विफ्ट के तहत लगातार` कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं । इस सिलसिले में गांधी मैदान में आज शाम टॉक शो का आयोजन होगा। उपायुक्त –सह –जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुमुद सहाय ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

******************

राज्य के तीनों लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान के शुरू हुए एक घंटे से ज्यादा का वक्त हो चुका है। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के आने का सिलसिला जारी है। वहीं, मतदान केंद्रो में मतदाताओं की सुविधा के लिए भी कई व्यवस्थाएं की गई है। ऐसे में मतदान के पहले घंटे में मतदान केंद्र पर कैसा माहौल है। कोडरमा लोकसभा सीट के तहत आनेवाले जिले के संवाददाताओं के पास। सबसे पहले कोडरमा संवाददाता जानना चाहेंगे।

******************

छठे चरण में गिरिडीह लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले बोकारो जिले में 85 वर्ष से ज्यादा उम्र के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की प्रक्रिया कल से शुरू हुई। इन दोनों श्रेणियां में चिह्नित किए तीन सौ छियालीस मतदाताओं में से तीन सौ नौ ने पहले दिन होम वोटिंग की। अब शेष मतदाताओं की होम वोटिंग आज कराई जाएगी।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

राज्य के सभी जेलों में कल जेल अदालत और विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । झालसा के निर्देश पर डालसा की ओर से आयोजित जेल अदालत में कई कैदियों को रिहा करने का निर्णय लिया गया। वहीं , सरकार द्वारा मिलने वाली वाली कानूनी सेवाओं की भी जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई गई। धनबाद में आयोजित जेल अदालत में दो कैदियों को रिहा करने का निर्णय लिया गया।

******************

गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसकी बहन पर केरोसिन तेल छिड़क कर जिंदा जलाने का प्रयास किया । इसमें जहां उसकी पत्नी की मौत हो गई, वहीं उसकी बहन को नाजुक स्थिति में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

******************

देवघर जिला पुलिस ने मधुपुर और कुंडा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है । इनके पास से पांच मोबाइल फोन , चार सिम कार्ड और आठ एटीएम कार्ड जब्त किया गया है। ये साइबर अपराधी समाज कल्याण विभाग का अधिकारी बनकर लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करते थे । पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

******************

झारखंड में आज तीन लोकसभा सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के हो रहे मतदान को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत चुनावी परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

******************

मौसम विभाग ने रांची, हजारीबाग, रामगढ़, गुमला, लोहरदगा और खूंटी समेत कुछ और इलाकों में आज भी तेज हवा और गरज के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम में यह बदलाव 25 मई तक देखने को मिल सकता है । इस दौरान कुछ इलाकों में तेज हवा चलने और वज्रपात की भी आशंका है। वहीं, पलामू और संताल क्षेत्र में आज हीट वेव का असर देखने को मिलेगा। इससे पहले कल रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

******************

- जैक बोर्ड की मैट्रिक सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया कल से शुरू होगी। विद्यार्थी 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रांची की अनीमा कुमारी को एमबीबीएस के फार्माकोलॉजी में असाधारण दक्षता प्रदर्शित करने के लिए सम्मानित किया है।
- रांची में पांच अपराधियों को जिला बदर और पांच को थानों में रोज हाजिरी लगाने का आदेश वरीय पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जारी किया है।
- रांची सीनियर डिवीजन फुटबॉल लीग में कल हुए मैच में नाइट बुलेट कव्वाली, हटिया बॉयज, बांधगाड़ी एफसी और जय जवान की टीम ने जीत दर्ज की।

******************

अखबारों की सुर्खियां

देश के पांचवे और झारखड में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज हो रहे मतदन की खबर को राज्य के अधिकांश अखबारों ने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा है– कोडरमा, हजारीबाग और चतरा में आज मतदान, एनडीए और इंडिया में सीधी टक्कर।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है घाटशिला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोले शहजादे की भाषा नक्सलियों जैसी, उद्योगपतियों को दे रहे गाली।

हिन्दुस्तान लिखता है भ्रष्टाचार पर भाजपा और कांग्रेस में रार, सता पर कब्जे का विश्वास।

दैनिक जागरण ने लिखा है घाटशिला में बोले प्रधानमंत्री कांग्रेस पार्टी उद्यम करनेवालों को मानती है देश का दुश्मन।

राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है धनबाद में कल्पना सोरेन ने कहा भाजपा झारखंड को 20 वर्षो तक लूटती रही।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है चुनावी सभा में कल्पना सोरेन बोली जीत ऐसी हो, जेल का ताला खुल जाए।

अंग्रजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी घाटशिला में हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

******************